दिनांक 3 दिसंबर 2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

वार्ड 16 कुरूद के 08 एकड़ में हो रही थी अवैध प्लाटिंग , निगम ने की कार्यवाही

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के कुरूद क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से प्लाटिंग किए जाने की जानकारी प्राप्त होने पर मौके पर पहुंचकर निगम ने कार्रवाई की! जोन क्रमांक 02 क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड 16 रूंगटा कॉलेज के पीछे एवं चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल कॉलेज जाने वाले रोड पर अनाधिकृत रूप से मुरूम से निर्माण किए गए मार्ग संरचना को निगम की टीम ने जेसीबी से ध्वस्त किया गया। मौके से 6 हाइवा मुरम भी जप्त किया गया! जोन 02 वैशालीनगर के सहायक राजस्व अधिकारी संजय वर्मा ने बताया कि वार्ड 16 कुरूद क्षेत्र के रूंगटा कॉलेज के पीछे एवं चंदूलाल चंद्राकार मेमोरियल मेडिकल कॉलेज जाने वाले रास्ते में अवैध प्लाटिंग की शिकायत मिलने पर निगम का अमला मौके पर पहुंचा और कार्यवाही प्रारंभ किए! इस दौरान मौके पर कोई व्यक्ति सामने नहीं आया! दोनों स्थल के करीब 8 एकड़ जमीन पर चूना मार्किंग कर ले आउट , मुरूम से मार्ग संरचना तथा प्लाटिंग संबंधित बोर्ड लगाए गए थे , जिसे जेसीबी से ध्वस्त करते हुए जमीन को मूल स्वरूप तब्दील किया गया!

जनसम्पर्क अधिकारी